# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 14 जुलाई 2025


PAGE NO : 08 BOTTOM

## फंगल इंफेक्शन के मरीजों को दीं निशुल्क दवाएं



**बरेली।** भारतीय त्वचा विशेषज्ञ और इंडियन एसोसिएशन ऑफ डर्मेटोलॉजिस्ट, वेनेरोलॉजिस्ट एंड लेप्रोसी (आईएडीवीएल) की ओर से रविवार को वृद्धाश्रम और सिविल लाइंस स्थित आर्य समाज अनाथालय में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। यूपी-उत्तराखंड के अध्यक्ष और एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के त्वचा विभाग के प्रमुख डॉ. प्रतीक गहलोत समेत डॉ. कीर्तिका, डॉ. वैष्णवी ने सोरायसिस, विटिलिगो, फंगल संक्रमण आदि त्वचा रोगों से पीड़ित सौ मरीजों की निशुल्क जांच कर जरूरी दवाएं दीं। लोगों को त्वचा रोगों से बचाव के उपाय बताए। अन्य रोगों से पीड़ित मरीजों को भी परामर्श दिया गया। ब्यूरो